Edition #03

August 2026

AU JODHPUR NEWSLETTER

मरुधरा

Empowering you with the information that matters



TOP NEWS

Newly Notified Variety of Jodhpur Magaj Matira



>>> READ MORE

- 7th Convocation
- Buyer seller meet-2026
- Best AICRP Center award-2026
- MoU between Laghu Udhyog Bharati, Jodhpur and Agriculture University, Jodhpur







Agriculture University, Jodhpur: A Decade Journey (2013-14 to 2025-26)

The Agriculture University, Jodhpur was established on September 14, 2013 vide Government of Rajasthan Act No. 21 of the year 2013 with the jurisdiction comprises of six districts i.e. Jodhpur, Barmer, Nagaur, Pali, Jalore and Sirohi.

Objectives

The University shall have the following objects, namely

(a) Making provision for imparting education in different branches of study, particularly agriculture, horticulture, fisheries, forestry, agricultural engineering, home science, basic science and other allied branches of learning and scholarship;

(b) Furthering the advancement of learning and conducting of research, particularly in agriculture and other allied sciences;

(c) Undertaking the extension education of such sciences and technologies specially for the rural people of the State; and

(d) Such other objects as the University may from time to time determine.

Major milestone in development of the University:

2013 : The Agricultural University Jodhpur established by Government of Rajasthan through bifurcation of SKRAU, Bikaner & MPUAT, Udaipur and transferred the service area comprising of districts Jodhpur, Nagaur, Barmer, Pali, Jalore from SKRAU, Bikaner and Sirohi from MPUAT, Udaipur along with their establishment.

2015 : Established of College of Agriculture, Nagaur

2019 : Accredited the University and its constituent colleges for period of 2019 to 2024 by ICAR, New Delhi

2020 : Established the Kisan Kaushal Vikas Kendra, Jodhpur

: Established the Faculty of Dairy Technology, Jodhpur

: Established the Faculty of Agriculture Engineering, Jodhpur

2021 : Established the College of Agriculture, Baytu, Barmer

: Approval obtained for the B. Tech. Dairy Technology (Faculty of Dairy Technology) and B. Tech. Agriculture Engineering (Faculty of Agriculture Engineering) by AICTE, New Delhi

: 108 ha land allotted by Govt. of Rajasthan on Jodhpur-Nagaur Road at Sawant Kua for the University

2022 : Established the KVK, Raipur (Pali/Beawar)


: Established the KVK, Bamanwara (Jalore/Sanchore)

: Provisional approval got for section 80G of Income Tax Act (25.05.2022 to AY 2025-26) for the University.

2023 : Approval got for B. Tech. (Food Technology) and MBA (Agri-Business Management) programmes from AICTE, New Delhi.

2024 : Establishment of Sell Counter

2025 : Kisan Call Center



In this Edition

Salient accomplishments
Education
Extension
Research
Participation of Staff
Awards and Recognition
Projects
Dignitaries Visited
MoU Signed

Patron
Prof. (Dr.) V.S. Jaitawat
Hon'ble Vice Chancellor

Chief Editor
Dr. Pradeep Pagaria
Incharge KKVK

Section Editors
Dr. Pankaj Lavania
Assistant Professor
(Animal Science)
Dr. R.P.S. Jetawat
Subject Matter Specialist
(Plant Protection)
Dr. H.V.S. Shekhawat
Assistant Professor
(Genetics & Plant Breeding)
Dr. Prashant Sahni
Assistant Professor
(Food Technology)
Dr. Kanupriya Chaudhary
Assistant Professor
(AP&FE)

Writer
Dr. Sangeeta Sharma
PRO

Managing Editor
Dr. Priyanka Swami
Assistant Professor
(Agrometeorology)

From the Desk of Vice Chancellor



It gives me great satisfaction to place before you this issue of Marudhara Newsletter, capturing a period that has been exceptionally meaningful for Agriculture University, Jodhpur, across education, research, extension and administration in service of the farmers of arid Marwar.

Our 7th Convocation, held on March 20, 2026 under the chairmanship of the Hon'ble Chancellor and Governor of Rajasthan, Shri Haribhau Bagde, saw 429 students conferred degrees and 15 gold medals awarded. Three students were selected for higher studies at global institutions in the USA and Italy, and over 36 were placed through campus placement. Vibrant inter-college sports and cultural events at Nagaur and Jodhpur further enriched student life.

On the research front, our scientists published over 50 research papers and 60 extension materials this year. I am delighted to report the development of 'Jodhpur Magaj Matira-1' (RMK-3) and two pearl millet hybrids, 'MPMH-45' and 'MPMH-46', for farmers of dry Marwar. During Rabi 2025-26, 1,900 quintals of quality seed were produced, and the University received three prestigious awards including the Best Centre Award-2026. Rs. 6.63 crore was sanctioned for seven new projects, Rs. 36 lakh under RKVY for agroforestry nurseries, and five KVKs were selected by ICAR for upgradation, with grants of Rs. 232 lakh each.

Extension outreach remained a strong pillar, with 302 training programmes benefiting over 10,000 farmers and youth, and 3,000+ field demonstrations delivering yield gains of 9.55–41.18 percent. Our new Soil and Water Testing Laboratory and Mobile Soil Testing Van analyzed over 700 soil and 650 water samples across seven districts. Campaigns such as Khet Bachao Abhiyan and the Balanced Fertilizer Use campaign together reached over 75,000 farmers. The University also signed key MoUs this year for castor and bajra hybrid seed and horticulture support.

Under the fourth phase of our 'Adopted Four Villages' initiative, Jugatsingh Nagar (Balrawan) and Beenjwadia were adopted for development as Smart Villages. Our social and environmental commitment was reflected in the 'Parinda and Bird-Feeding Campaign', the 'Annadata Fitness Ride', and observances of World Earth Day, Environment Day, Yoga Day, No Tobacco Day and Milk Day. Non-teaching staff were fully regularized after probation, and pension-related reforms are being pursued jointly with other agricultural universities.

This period saw important visits from Shri Ramniwas Mehta, Chairman, RPSC, the Commissioner of Agriculture Shri Naresh Kumar Goyal, the Chairman of Rajasthan Kisan Ayog Shri C.R. Choudhary, and MLA Bilara. Four of our employees were felicitated by the Commissioner of Agriculture for their outstanding contributions.

I express my heartfelt appreciation to all scientists, teachers, officers, staff and students whose dedication continues to drive Agriculture University, Jodhpur towards new heights of excellence, and I compliment the editorial team for bringing out this issue.

With best wishes.

(Prof. Virendra Singh Jaitawat)
Vice Chancellor, Agriculture University, Jodhpur

"कुलगुरु की कलम से"

प्रिय विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों, मित्रों एवं साथीगण

मरुधरा समाचार पत्र के इस अंक को आप सबके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है। यह अवधि कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के लिए शिक्षा, अनुसंधान, प्रसार एवं प्रशासन के क्षेत्र में अत्यंत सार्थक तथा मारवाड़ के शुष्क क्षेत्र के किसानों की सेवा के प्रति समर्पित रही है।

हमारा 7वाँ दीक्षांत समारोह माननीय कुलाधिपति एवं राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े की अध्यक्षता में 20 मार्च, 2026 को आयोजित किया गया, जिसमें 429 विद्यार्थियों को उपाधियाँ तथा 15 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। तीन विद्यार्थियों का चयन अमेरिका एवं इटली के प्रतिष्ठित संस्थानों में उच्च शिक्षा हेतु हुआ, तथा 36 से अधिक विद्यार्थियों का चयन कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से हुआ। नागौर एवं जोधपुर में आयोजित अंतर–महाविद्यालयी खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थी जीवन को और समृद्ध किया।

अनुसंधान के क्षेत्र में हमारे वैज्ञानिकों ने इस वर्ष 50 से अधिक शोध पत्र एवं 60 प्रसार साहित्य प्रकाशित किए। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मारवाड़ के शुष्क क्षेत्र के किसानों के लिए 'जोधपुर मगज मतीरा–1' (आरएमके–3) तथा बाजरे की दो संकर किस्मों 'एमपीएमएच–45' एवं 'एमपीएमएच–46' का विकास किया गया है। रबी 2025–26 के दौरान 1900 क्विंटल गुणवत्तापूर्ण बीज का उत्पादन किया गया, तथा विश्वविद्यालय को बेस्ट सेंटर अवार्ड–2026 सहित तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुए। सात नई परियोजनाओं हेतु 6.63 करोड़ रुपये तथा आरकेवीवाई योजना के अंतर्गत एग्रोफॉरेस्ट्री नर्सरी हेतु 36 लाख रुपये स्वीकृत किए गए, तथा पाँच कृषि विज्ञान केंद्रों का चयन आईसीएआर द्वारा उन्नयन हेतु किया गया, जिसके तहत प्रत्येक को 232 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त होगा।

प्रसार गतिविधियाँ विश्वविद्यालय का एक सशक्त स्तंभ रहीं, जिसके अंतर्गत 302 प्रशिक्षण कार्यक्रमों से 10,000 से अधिक किसानों एवं युवाओं को लाभान्वित किया गया, तथा 3,000 से अधिक क्षेत्रीय प्रदर्शनों से 9.55 से 41.18 प्रतिशत तक उपज वृद्धि प्राप्त हुई। हमारी नवीन मृदा एवं जल परीक्षण प्रयोगशाला तथा मोबाइल सॉइल टेस्टिंग वैन ने सात जिलों में 700 से अधिक मृदा एवं 650 जल के नमूनों का विश्लेषण किया। 'खेत बचाओ अभियान' तथा संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के अंतर्गत कुल मिलाकर 75,000 से अधिक किसानों तक पहुँच बनाई गई। विश्वविद्यालय ने इस वर्ष अरंडी एवं बाजरा संकर बीज तथा उद्यानिकी सहयोग हेतु महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए।

गोदित 4 गाँव पहल के चौथे चरण के अंतर्गत, जुगतसिंह नगर (बालरवां) एवं बीनजवाड़िया को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने हेतु गोद लिया गया। हमारी सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रतिबद्धता 'परिंडा एवं पक्षी–आहार अभियान, 'अन्नदाता फिटनेस राइड' तथा विश्व पृथ्वी दिवस, पर्यावरण दिवस, योग दिवस, तंबाकू निषेध दिवस एवं दुग्ध दिवस के आयोजनों में परिलक्षित हुई। अशैक्षणिक कर्मचारियों का परिवीक्षा अवधि पूर्ण होने पर पूर्ण नियमितीकरण किया गया, तथा पेंशन संबंधी सुधारों हेतु अन्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ मिलकर प्रयास जारी हैं।

इस दौरान श्री रामनिवास मेहता, अध्यक्ष आरपीएससी, कृषि आयुक्त श्री नरेश कुमार गोयल, राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष श्री सी.आर. चौधरी तथा विधायक बिलाड़ा की महत्वपूर्ण यात्राएँ हुईं। हमारे चार कर्मचारियों को कृषि आयुक्त द्वारा उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

मैं समस्त वैज्ञानिकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति अपनी हार्दिक सराहना व्यक्त करता हूँ, जिनकी प्रतिबद्धता कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर को उत्कृष्टता की नई ऊँचाइयों की ओर निरंतर अग्रसर कर रही है। मैं इस अंक के सफल प्रकाशन हेतु संपादकीय टीम के प्रयासों की सराहना करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित।

(वीरेन्द्र सिंह जैतावत)
कुलगुरु, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

Education

7th convocation: Our 7th convocation was successfully held on March 20, 2026, under the honorable chairmanship of the Chancellor and Governor of Rajasthan, Mr. Haribhau Wagde. In this grand ceremony, a total of 429 meritorious students were awarded degrees, including 326 B.Sc. (Agriculture), 16 B.Tech. (Agricultural Engineering), 11 B.Tech. (Dairy Engineering), 54 Postgraduate (Agriculture), 17 Postgraduate (Management Faculty), and 5 PhD (Vidya Vachaspati) researchers. Additionally, to honor academic excellence, 5 gold medals were awarded at the undergraduate level and 10 gold medals at the postgraduate level.



Three bright students from the university have been selected for higher education at top global institutions in countries like the USA and Italy. Also, our students have had very commendable achievements in ICAR-JRF and other national competitive exams.

Campus Placement: For a bright future of students, more than 36 students from our university have been selected in the country's reputed companies through campus placement.

Co-curricular Activities: For the all-round development of students, we have given new wings to co-curricular activities. Under this, the inter-college sports competition was successfully organized at the College of Agriculture, Nagaur, and the inter-college cultural and literary competition was grandly conducted at the College of Agriculture, Jodhpur.

The College of Dairy and Food Technology at the Agriculture University celebrated its first annual festival, "Manthan-2026," on May 25, 2026, at Dr. P. Joshi Auditorium.

शिक्षा

दीक्षान्त समारोह: माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल राजस्थान श्रीमान् हरिभाउ वागड़े की गरिमामयी अध्यक्षता में दिनांक 20 मार्च 2026 को हमारा सप्तम् दीक्षान्त समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस भव्य समारोह में कुल 429 मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं, जिनमें बी.एस.सी. (स्नातक) कृषि में 326, बी. टेक. (कृषि अभियांत्रिकी) में 16, बी. टेक. (डेयरी अभियांत्रिकी) में 11, स्नातकोत्तर (कृषि) में 54, स्नातकोत्तर (प्रबंध संकाय) में 17 और विद्यावाचस्पति (Ph.D.) के 5 होनहार शोधार्थी शामिल हैं। इसके साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करते हुए स्नातक स्तर पर 5 स्वर्ण पदक और स्नातकोत्तर स्तर पर 10 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।



विश्वविद्यालय के 3 होनहार विद्यार्थियों का उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका और इटली जैसे देशों के शीर्ष वैश्विक संस्थानों में चयन हुआ है। साथ ही, ICAR और अन्य राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में हमारे छात्र–छात्राओं की बहुत सराहनीय उपलब्धि रही है।

कैंपस प्लेसमेंट: विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए हमारे विश्वविद्यालय के 36 से अधिक छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से देश की प्रतिष्ठित कंपनियों में चयन हुआ है।

सह–शैक्षणिक गतिविधियां: विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु हमने सह–शैक्षणिक गतिविधियों को नए पंख दिए हैं। इसके तहत अन्तर–महाविद्यालयी खेल–कूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन कृषि महाविद्यालय, नागौर में किया गया, तथा अंतरमहाविद्यालयी सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतियोगिता का आयोजन कृषि महाविद्यालय, जोधपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ।

कृषि विश्वविद्यालय के डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव "मंथन" 25–05–2026 को डॉ. पी. जोशी ऑडिटोरियम में उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ।

The annual festival "Marupravidhi-2026" of the College of Technology and Agricultural Engineering (CTAE), Agriculture University, Jodhpur was celebrated with great enthusiasm on Tuesday, 26 May 2026, at the Seminar Hall of the CTAE campus.

प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय (CTAE), कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर का वार्षिक उत्सव मरुप्रविधिः–2026 मंगलवार, 26 मई 2026 को सेमिनार हॉल, CTAE परिसर में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।











Digital Age: Taking the initiative to quickly move the university towards the digital age, we have implemented a keyword search system in the academic records of students, which is a commendable step towards our digitalization.

डिजिटल युग: विश्वविद्यालय को डिजिटल युग की ओर तेजी से ले जाने की पहल करते हुए हमने छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड में 'One Time Roll Number' प्रणाली का क्रियान्वयन किया है, जो हमारे डिजिटलीकरण की ओर एक सराहनीय कदम है

Winter/Summer School: Matter

विंटर/समर स्कूल: 15 से अधिक शिक्षकों और वैज्ञानिकों को उनके क्षमता वर्धन हेतु 21 दिवसीय विंटर/समर स्कूल के तहत देश के अग्रणी ICAR संस्थानों और विश्वविद्यालयों में भेजा गया।

The Directorate of Human Resources successfully organized a five-day training program in collaboration with the Extension Education Institute, Anand (Gujarat) on the subject of video production skills for specialized agricultural extension, for the senior officials of the university.

मानव संसाधन निदेशालय ने विस्तार शिक्षा संस्थान, आनंद (गुजरात) के साथ मिलकर विश्वविद्यालय के उच्च अधिकारियों हेतु एक विशेष "कृषि विस्तार हेतु वीडियो निर्माण कौशल" विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया।



Research

In the year 2026, our scientists successfully published over 50 high-level research papers and more than 60 useful extension materials (such as folders, various articles, technical bulletins, etc.), elevating the university's image on the national stage.

The greatest revolutionary achievement in the direction of research has been that we have developed and popularized ''Jodhpur Magaj Matira-1'' (RMK-3) for the benefit of farmers of this dry Marwar desert, as well as two of the best hybrid varieties of millet, ''MPMH-45'' and ''MPMH-46''.

अनुसंधान

वर्ष 2026 में हमारे वैज्ञानिकों द्वारा 50 से अधिक उच्च–स्तरीय अनुसंधान पत्र और 60 से अधिक उपयोगी प्रसार साहित्यों (जैसे फॉल्डर, विभिन्न लेख, तकनीकी बुलेटिन इत्यादि) का सफल प्रकाशन कर विश्वविद्यालय की छवि को राष्ट्रीय पटल पर ऊंचा किया है।

अनुसंधान की दिशा में सबसे बड़ी क्रांतिकारी उपलब्धि यह रही कि हमने मारवाड़ की इस सूखी मरुधरा के किसानों के हित में ''जोधपुर मगज मतीरा–1'' (आरएमके–3) तथा बाजरे की दो सबसे बेहतरीन संकर किस्में ''एमपीएमएच–45'' और ''एमपीएमएच–46'' को विकसित कर Notify किया है।



The university has made an exemplary recommendation to include 15 modern technologies of Agricultural Climate Zone A and Climate Zone B of the state in the 'Package of Practices', which will directly result in unprecedented increases in farmers' crop production.

विश्वविद्यालय द्वारा राज्य के कृषि जलवायु खण्ड–I ए एवं जलवायु खण्ड–II बी की 15 आधुनिक तकनीकों को ''पैकेज ऑफ प्रैक्टिसेज'' में सम्मिलित करने की अनुकरणीय सिफारिश की गई है, जो सीधे तौर पर किसानों की फसलों के उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि करेगी।

Meeting on Kharif Seed Production - 2026 held at Agricultural University on 13-05-2026

खरीफ बीज उत्पादन – 2026 पर बैठक 13–05–2026 को कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित की गई।





During Rabi 2025-26, various units of the university produced a total of 1900 quintals of high-quality seeds, demonstrating our steadfast commitment to quality standards.

रबी 2025–26 के दौरान विश्वविद्यालय की विभिन्न इकाइयों ने कुल 1900 क्विंटल उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन किया है, जो गुणवत्ता मानक के प्रति हमारे दृढ़ संकल्प को दिखाता है।






Due to our outstanding performance in the field of research, we have received award. Notably, the ''Best Centre Award-2026'' for excellent research performance was conferred upon Dr. B. R. Chaudhary Agricultural Research Center, Mandor, by the Project Coordination Unit of [unintelligible text] and Niger Project.

अनुसंधान के क्षेत्र में हमारे शानदार प्रदर्शन के कारण हमें पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। इनमें मुख्य रूप से AICRP तिल को ICAR-IIOR और AICRP तिल एवं नाइजर परियोजना समन्वय इकाई द्वारा उत्कृष्ट अनुसंधान प्रदर्शन के लिए ''सर्वश्रेष्ठ केंद्र पुरस्कार–2026'' डॉ. बी. आर. चौधरी कृषि अनुसंधान केंद्र, मंडोर को प्रदान किया गया है।

Extension

Through our various units in the field of outreach, a record 302 specialized training programs were conducted, in which over 10,000 farmers and youths participated to acquire modern knowledge.

प्रसार

प्रसार के क्षेत्र में हमारी विभिन्न इकाइयों के माध्यम से रिकॉर्ड 302 विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 10 हजार से अधिक किसानों और युवाओं ने भाग लेकर आधुनिक ज्ञान अर्जित किया।





Under the expert guidance of scientists, more than 3,000 direct live demonstrations of modern agricultural techniques were conducted across our entire jurisdiction. As a result of these demonstrations, an impressive and record-breaking increase in crop yields ranging from 9.55 percent to 41.18 percent has been observed among farmers. This is direct evidence that the farmers of Marwar are now showing a keen interest in adopting new technologies.

वैज्ञानिकों के कुशल मार्गदर्शन में हमारे पूरे क्षेत्राधिकार में लगभग 3000 से अधिक आधुनिक कृषि तकनीकों के सीधे लाइव प्रदर्शन (डेमोस्ट्रेशन) खेतों पर किए गए। इन प्रदर्शनों के फलस्वरूप किसानों की फसलों के उत्पादन में 9.55 प्रतिशत से लेकर 41.18 प्रतिशत तक की शानदार और रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि देखी गई है। यह इस बात का सीधा प्रमाण है कि मारवाड़ का हमारा किसान अब नई तकनीकों को अपनाने में गहरी रुचि दिखा रहा है।



A total of 15 training programs in various employment-oriented and skill-based fields were successfully conducted by the Farmer Skill Development Center in the year 2026. In these training programs, 453 trainees participated enthusiastically and acquired practical and technical knowledge. Following the training, an impressive increase of approximately 77 to 82 percent was observed in the knowledge and skills of the participants. Connecting the knowledge and skills gained from the training with livelihoods, 37 participants took steps towards self-employment and started their own ventures, earning an additional income of approximately 12,000 to 27,000 rupees per month.

किसान कौशल विकास केन्द्र द्वारा वर्ष 2026 में विभिन्न रोजगारोन्मुखी एवं कौशल–आधारित विधाओं में कुल 15 प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए गए। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 453 प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान अर्जित किया। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रतिभागियों के ज्ञान एवं कौशल में लगभग 77 से 82 प्रतिशत तक उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को आजीविका से जोड़ते हुए 37 प्रतिभागियों ने स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाया तथा स्वयं का कार्य प्रारम्भ कर प्रतिमाह लगभग 12,000 रूपए से 27,000 रूपए तक की अतिरिक्त आय अर्जित करना प्रारम्भ किया।







For the convenience of farmers, a Soil and Water Testing Laboratory has been established at Agriculture University, Jodhpur. Farmers can have their soil and water samples tested to obtain a Soil Health Card, and by using balanced fertilizers, they can improve both production and soil health.

किसानों की सुविधा हेतु कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में मृदा एवं जल परीक्षण प्रयोगशाला स्थापित की गई है। किसान अपने मृदा एवं जल के नमूनों का परीक्षण करवाकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्राप्त कर सकते हैं तथा संतुलित उर्वरक उपयोग से उत्पादन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार ला सकते हैं।





Along with reallocating the five old projects approved during the year 2025-26, a total amount of Rs. 6.63 crore has been approved for seven (07) new projects in the financial year 2026-27.

वर्ष 2025–26 के दौरान मंजूर की गई RKVY की पांच पुरानी परियोजनाओं को पुनः आवंटित कराने के साथ–साथ, वित्तीय वर्ष 2026–27 में कुल सात (07) नई परियोजनाओं के लिए 6.63 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई।

Under the RKVY plan, special projects worth 36 Lakh rupees have been sanctioned to establish 'Agroforestry Nurseries' at our three leading agricultural science centers located in Sirohi, Raipur, and Bamanwara, for the purpose of producing high-quality plants.

Another matter of great national pride for us is that our five KVKs have been selected by ICAR, New Delhi, for upgradation, under which these five centers will directly receive a substantial amount ranging from 222 lakh to 325 lakh rupees to modernize their basic infrastructure.

Monthly Review Meetings of KVKs: Monthly Review Meetings of all KVKs under administrative control of Agriculture University, Jodhpur were conducted under the Chairmanship of Hon'ble Vice Chancellor, AU, Jodhpur. In these meetings, review of past month activities were reviewed and action plan for coming month, feedback from fields and constraints faced by farmers were discussed thoroughly. In these meetings, all SSH and SMSs participated. Details of Monthly Review Meetings are as mentioned below.

Month	Date of Meetings
April, 2026	15.04.2026
May, 2026	5.05.2026
June, 2026	6.06.2026



Khet Bachao Abhiyan: Eight KVKs under AU, Jodhpur driven campaign on "Khet Bachao Abhiyan" as per direction of ICAR and Govt of India during the period from 1 June to 30 June, 2026. Total 8 Teams constituted which covered 215 villages of eight district by reaching 33680 farmers physically and

RKVY योजना के तहत ही सिरोही, रायपुर और बामनवाड़ा स्थित हमारे तीन अग्रणी कृषि विज्ञान केंद्रों को उच्च गुणवत्ता वाले पौधे तैयार करने हेतु ''एग्रोफॉरेस्ट्री नर्सरी'' स्थापित करने के लिए 36 लाख रुपये की विशेष परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

हमारे लिए एक और बहुत बड़ी राष्ट्रीय गौरव की बात यह है कि हमारे 5 कृषि विज्ञान केंद्रों को ICAR, नई दिल्ली की ओर से (KVK) अपग्रेडेशन (उन्नयन) के लिए चुना गया है, जिसके तहत इन 5 केंद्रों को उनकी बुनियादी संरचना को आधुनिक बनाने के लिए 222 लाख से 325 लाख रुपये तक की भारी धनराशि सीधे मिलेगी।

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के अधिकार क्षेत्र में आने वाले कृषि विज्ञान केन्द्रों की मासिक समीक्षा बैठक: कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के प्रशासनिक नियंत्रण में आने वाले सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों की मासिक समीक्षा बैठकें कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के माननीय कुलगुरू की अध्यक्षता में आयोजित की गईं। इन बैठकों में पिछले महीने की गतिविधियों की समीक्षा की गई और आने वाले महीने के लिए कार्य योजना, फील्ड से मिले फीडबैक और किसानों को आ रही दिक्कतों पर विस्तार से चर्चा की गई। इन बैठकों में सभी वरिष्ठ वैज्ञानिक, अध्यक्ष और विषय वस्तु विशेषज्ञों ने भाग लिया। मासिक समीक्षा बैठकों का विवरण नीचे दिया गया है।

माह	बैठकों की तारीख
April, 2026	15.04.2026
May, 2026	5.05.2026
June, 2026	6.06.2026



खेत बचाओ अभियान: कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के तहत आने वाले आठ कृषि विज्ञान केन्द्रों ने ICAR और भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार 1 जून से 30 जून, 2026 तक "खेत बचाओ अभियान" चलाया। कुल 8 टीमें बनाई गईं, जिन्होंने आठ जिलों के 215 गांवों को कवर किया और 33,680 किसानों से व्यक्तिगत रूप से तथा 1,33,995 किसानों से सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क किया। इस अभियान

133995 through social media. Objective of this campaign was to make farmers aware about judicious and balanced use of chemical fertilizer and to sensitize about the soil health and soil fertility conservation by encouraging natural farming and bio agents for sustainable production and productivity.



Intensive Campaign on Balanced Use of Fertilizers: Intensive campaign was organized during April to May, 2026 for creating awareness and developing capacity on soil test-based balanced nutrient management, accelerated adoption of Integrated Nutrient Management (INM) practices and use of organic sources and biofertilizers & Strategic integration of green manuring/biomass recycling for long term. All the KVKs carried out campaign for mass awareness by active participation by benefitting the more than 40 thousand farmers and farm women. Social media also used to outreach farmers among more than 60 thousand farmers.

Doorstep Agri Diagnostics Service through Mobile Soil Testing Van: To strengthen soil and water health management at the grassroots level, a Mobile Soil Testing Van was deployed to provide diagnostic services directly at

का उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों के समझदारी भरे और संतुलित उपयोग के बारे में जागरूक करना था। साथ ही, टिकाऊ उत्पादन और उत्पादकता के लिए प्राकृतिक खेती और बायो–एजेंट्स को बढ़ावा देकर मिट्टी की सेहत और उसकी उर्वरता को बनाए रखने के प्रति उन्हें संवेदनशील बनाना भी इसका मकसद था।



रासायनिक उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल पर सघन अभियान का आयोजन: अप्रैल से मई 2026 के दौरान रासायनिक उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल पर एक सघन अभियान चलाया गया। इसका मकसद मिट्टी की जाँच के आधार पर संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन (INM) तरीकों को तेजी से अपनाने, जैविक स्रोतों और बायो–फर्टिलाइजर के इस्तेमाल, और लंबे समय के लिए ग्रीन मैन्योरिंग / बायोमास रीसाइक्लिंग को रणनीतिक रूप से शामिल करने के बारे में जागरूकता बढ़ाना और क्षमता विकसित करना था। सभी KVKs ने बड़े पैमाने पर जागरूकता के लिए अभियान चलाया, जिसमें 40 हजार से ज्यादा किसानों और महिला किसानों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया और लाभ उठाया। 60 हजार से ज्यादा किसानों तक पहुँचने के लिए सोशल मीडिया का भी इस्तेमाल किया गया।

मोबाइल स इल टेस्टिंग वैन के जरिए किसानों के द्वार पर जाकर मिट्टी और पानी की जांच सेवा: जमीनी स्तर पर मिट्टी और पानी की सेहत के प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए, किसानों के घर तक सीधे जांच सेवाएँ पहुँचाने के लिए एक मोबाइल सॉइल टेस्टिंग वैन तैनात



Scientific Advisory Committee Meetings of KVKs: Scientific Advisory Meeting of all KVKs were conducted during the December, 2025 to review the progress report of KVK and to finalize the action plan of coming year.

कृषि विज्ञान केन्द्रों (केवीके) की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक: दिसंबर 2025 में सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों की वैज्ञानिक सलाहकार बैठकें आयोजित की गईं, जिनमें कृषि विज्ञान केन्द्रों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई और आगामी वर्ष की कार्य योजना को अंतिम रूप दिया गया। जिसका विवरण नीचे दिया गया है।

MoU Signed

In 2026, we have signed major national agreements to strengthen academic and industrial collaboration. These include historical memorandums of understanding (MoUs) signed with Sadhbhav Multi-State Consumer Cooperative Society Limited, Gujarat, for 'Caster Hybrid'; Sampoorna Seeds Private Limited, Andhra Pradesh, for 'Bajra Hybrid'; and Laghu Udyog Bharti, Jodhpur, to provide technical assistance in horticulture.

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

हमने अकादमिक और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने के लिए वर्ष 2026 में बड़े राष्ट्रीय समझौते किए हैं। इनमें सद्भव मल्टी स्टेट कंज्यूमर कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, गुजरात के साथ ''कैस्टर हाइब्रिड'' के लिए, संपूर्णा सीड्स प्राइवेट लिमिटेड, आंध्र प्रदेश के साथ ''बाजरा हाइब्रिड'' के लिए, लघु उद्योग भारती, जोधपुर और बागवानी में तकनीकी सहायता प्रदान करने हेतु RAF के साथ ऐतिहासिक समझौता ज्ञापनों (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।



Social Responsibility

In accordance with the visionary guidance of the Honorable Governor, under the fourth phase of the adopted village initiative, we have adopted Jugatsingh Nagar (Balrawan) and Beenjwadia and have begun the work of developing them as ultra-modern 'Smart Villages'.

The non-teaching staff of the university have been fully regularized after successfully completing their 2 year probation period.

At the state level, all Vice-Chancellors of all agricultural Universities are jointly making efforts to streamline the pension-related process at the university. It is hoped that these efforts will soon yield positive and satisfactory results.

सामाजिक उत्तरदायित्व

माननीय कुलाधिपति महोदय के कुशल विजन के अनुरूप गोद लिए गए गांव के चतुर्थ चरण के तहत हमने जुगतसिंह नगर (बालरवां) और बींजवाड़िया को गोद लेकर उन्हें अत्याधुनिक ''स्मार्ट विलेज'' के रूप में विकसित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

विश्वविद्यालय के अशैक्षणिक कर्मचारियों के 02 वर्ष का परिवीक्षा काल (प्रोबेशन पीरियड) सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर उनका पूर्ण नियमितीकरण (Regularization) कर दिया गया है।

विश्वविद्यालय में पेंशन संबंधी प्रक्रिया को सुचारू करने हेतु राज्य स्तर पर सभी कृषि विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं द्वारा संयुक्त रूप से प्रयास किए जा रहे हैं। आशा है कि इन प्रयासों के शीघ्र ही सकारात्मक एवं संतोषजनक परिणाम प्राप्त होंगे।





National Day Celebration

World Earth Day Celebration: World Earth Day was celebrated with great enthusiasm on 22 April 2026 all the colleges of Agriculture University, Jodhpur. The objective of the programme was to spread awareness regarding environmental conservation, promotion of biodiversity, and protection of natural resources. On this occasion, bird water pots (Parindas) and feeding jars (grain feeders) were installed at various locations across the college campus for the protection and convenience of birds. Keeping the summer season in view, the message of providing clean drinking water and food to birds was conveyed. All officers, faculty members, staff, and students present were urged to actively contribute towards the conservation of birds and the environment.

राष्ट्रीय दिवस समारोह

विश्व पृथ्वी दिवस समारोह: 22 अप्रैल 2026 को विश्व पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में पक्षियों के संरक्षण एवं उनकी सुविधा हेतु विभिन्न स्थानों पर परिंडे (जल पात्र) एवं फीडिंग जार (दान पात्र) लगाए गए। ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पक्षियों को स्वच्छ पेयजल एवं भोजन उपलब्ध कराने का संदेश दिया गया तथा सभी उपस्थित अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों से पक्षियों एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया गया।



World Environment Day Celebration To mark World Environment Day on June 5, 2026, the College of Dairy and Food Technology, Jodhpur, organized a tree plantation program aimed at promoting environmental balance, spreading the message of natural resource conservation, and reaffirming its commitment to building a clean and green future.

विश्व पर्यावरण दिवस समारोह दिनांक 5 जून 2026 को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जोधपुर स्थित डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय द्वारा पर्यावरणीय संतुलन को बढ़ावा देने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संदेश प्रसारित करने तथा स्वच्छ एवं हरित भविष्य के निर्माण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



International Yoga Day Celebration: The 12th International Day of Yoga was celebrated with great enthusiasm and fervour on 21 June 2026. To commemorate the occasion, a week-long series of yoga sessions was organized under the guidance of the Hon'ble Vice-Chancellor. A team of five personnel from the Border Security Force (BSF) also participated in the programme during the week. On the International Day of Yoga, approximately 150 participants, including university staff and students, took part in the yoga session.



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह 21 जून 2026 को विश्वविद्यालय में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। माननीय कुलगुरू के मार्गदर्शन में एक सप्ताह तक चले विशेष योग सत्रों का आयोजन किया गया, इस सप्ताह के दौरान सीमा सुरक्षा बल (BSF) के पाँच जवानों की एक टुकड़ी ने भी विशेष रुचि के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य आयोजन में विश्वविद्यालय के लगभग 150 शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक योग सत्र में हिस्सा लिया।



World Milk Day: World Milk Day was celebrated at the College of Dairy and Food Technology, Jodhpur, on June 1, 2026, with enthusiastic participation from students and faculty members. The event concluded with a collective pledge to spread awareness about milk production and consumption among the wider community.



विश्व दुग्ध दिवस: दिनांक 1 जून 2026 को कॉलेज ऑफ डेयरी एवं फूड टेक्नोलॉजी, जोधपुर में विश्व दुग्ध दिवस का आयोजन किया गया। सभी ने दुग्ध उत्पादन एवं उपभोग के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया ।





Bird Feeders for Birds: Under the 'Sparinda Campaign,' bird feeders were tied to provide relief to voiceless birds during the intense heat. The program was inaugurated by the Vice-Chancellor of the University, Professor Virendra Singh Jaitawat, and the Registrar, Mr. Samdar Singh Bhati, by tying the feeders. On this occasion, the Vice-Chancellor stated that the purpose of this campaign is not only to provide birds with new and adequate food and water but also to send a meaningful message of compassion towards living beings along with nature conservation.

पक्षियों के लिए बांधे परिंडे: "परिंडा अभियान" के तहत भीषण गर्मी में बेजुबान पक्षियों को राहत देने के उद्देश्य से परिंडे बांधे गए। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह जैतावत व कुल सचिव श्री समदर सिंह भाटी ने परिंडे बांधकर की। इस मौके पर कुलगुरु ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य पक्षियों के लिए नए केवल समुचित दाना पानी उपलब्ध करवाना है अपितु प्रकृति संरक्षण के साथ–साथ जीव दया का भी सार्थक संदेश देना है।





Under the Agriculture University of Jodhpur, the College of Agriculture organized a special cycling program under the 'Fit India Movement' on the theme 'Annadata Fitness Ride: Sunday on Cycle'. The purpose of this program was to promote fitness and a healthy lifestyle among youth and students.

This program was conducted with the support of the State Training Center, Sports Authority of India, and the Department of Physical Education, Jodhpur. The program was presided over by Pro. V. J. Jaitawat, Chancellor of Agriculture University, Jodhpur. He said that cycling is not only an environmentally friendly mode of transportation but also extremely beneficial for our physical health.

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय ने "फिट इंडिया मूवमेंट" के तहत अन्नदाता फिटनेस राइड थीम पर विशेष साइकिल कार्यक्रम "संडे ऑन साइकिल" आयोजित किया। इसका उद्देश्य युवाओं और विद्यार्थियों में फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

यह कार्यक्रम स्टेट ट्रेनिंग सेंटर, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (STC, Sports Authority of India), जोधपुर के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलगुरु प्रोफेसर वी.एस. जैतावत ने की। उन्होंने कहा साइकिल चलाना न केवल एक पर्यावरण मित्र परिवहन का साधन है, बल्कि यह हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत लाभकारी है।



The Book Festival was organized at the Farmer Skill Development Center of the Agricultural University on April 28, 2026, under the joint supervision of the Agricultural University and Sambal Enterprises. The theme of this event was the introduction of new ideas in agriculture and agricultural education. The program was chaired by Professor (Dr.) Virendra Singh Jaitawat, Chancellor of the Agricultural University. The chief guest of the program was Dr. L.N. H., former Vice-Chancellor of the Agricultural University, Jodhpur, while Dr. A.K. Purohit, former Director of Extension Education, SKRAU, Bikaner, was present as the main speaker of the event.



पुस्तक पर्व कृषि विश्वविद्यालय के किसान कौशल विकास केंद्र में दिनांक 28 अप्रैल 2026 को कृषि विश्वविद्यालय व संबल एंटरप्राइज के संयुक्त तत्वावधान में पुस्तक पर्व का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय कृषि एवं कृषि शिक्षा में नए विचारों की दस्तक रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ) वीरेंद्र सिंह जैतावत ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ एल एन हर्ष, पूर्व कुलगुरू, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर रहे जबकि डॉ ए के पुरोहित, पूर्व निदेशक, प्रसार शिक्षा, एसकेआरएयू, बीकानेर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे।



Buyer-Seller Meet: On June 18, 2026, a state-level Buyers-Sellers Meet (Buyer-Seller Meet) was successfully organized under the leadership of Agricultural University, Jodhpur. The main theme of this grand event was 'Livelihood Empowerment: Cultivation and Utilization of Medicinal Plants for Sustainable Prosperity.'

The conference saw large participation from educators, researchers, buyers and sellers of medicinal plants, scholars, and progressive farmers. The main goal of the program was to promote the cultivation of medicinal plants in western Rajasthan and to establish strong and direct connections between producers and industries through various business sessions.

राज्य स्तरीय बायर्स–सेलर्स मीट: 18 जून 2026 को कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के नेतृत्व में राज्य स्तरीय बायर्स–सेलर्स मीट (क्रेता–विक्रेता सम्मेलन) का सफल आयोजन हुआ। इस भव्य आयोजन का मुख्य विषय "आजीविका सशक्तिकरण: सतत समृद्धि के लिए औषधीय पौधों की खेती और उनका उपयोग" रखा गया था।

इस सम्मेलन में शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, औषधीय पौधों के खरीदारों और विक्रेताओं, विद्वानों और प्रगतिशील किसानों ने बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य मकसद पश्चिमी राजस्थान में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देना और विभिन्न व्यापारिक सत्रों के जरिए उत्पादकों और उद्योगों के बीच मजबूत व सीधा संपर्क स्थापित करना था।





Visit of Commissioner Agriculture: Shri Naresh Kumar Goyal, Commissioner Agriculture, Government of Rajasthan has been visited Agri Technology Museum of university on 22 June, 2026. Dr. V.S. Jaitawat, Vice Chancellor, Agriculture University, Jodhpur along with Deans, Directors, Officers from Agriculture Department were also accompanied him during the visit.

श्री नरेश कुमार गोयल, कृषि आयुक्त का दौरा: राजस्थान सरकार के कृषि आयुक्त श्री नरेश कुमार गोयल ने 22 जून, 2026 को विश्वविद्यालय के कृषि प्रौद्योगिकी संग्रहालय का दौरा किया। इस दौरे के दौरान कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरू डॉ. वी.एस. जैतावत के साथ–साथ कृषि विभाग के डीन, निदेशक और अधिकारी भी उनके साथ मौजूद थे।





Live Telecast of PM Kisan Samman Nidhi: On the eve of release of 23rd instalment of PM Kisan Samman Nidhi Yojana, live telecast was facilitated by Directorate at Kisan Kaushal Vikas Kendra, AU, Jodhpur under the chairmanship of Hon'ble Vice Chancellor, AU, Jodhpur. In this programme, large no. of farmers, farm women and staff of university participated.

PM किसान सम्मान निधि का लाइव प्रसारण: PM किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के माननीय कुलगुरू की अध्यक्षता में किसान कौशल विकास केंद्र में प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, महिला किसानों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों ने भाग लिया।



Motivational Lecture: Acharya Dr. Arvind Muni taught the art of living and methods of stress management: A special one-day session on stress management was organized at the Agricultural University. The chief guest and speaker of the program was Jain Guru Acharya Dr. Arvind Muni. The

आचार्य डॉ अरविंद मुनि ने सिखाई जीवन जीने की कला एवं तनाव प्रबंधन के उपाय: कृषि विश्वविद्यालय में एकदिवसीय तनाव प्रबंधन पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता जैन गुरु, आचार्य डॉ अरविंद मुनि रहे।

program was presided over by the Vice-Chancellor of the Agricultural University, Prof. Dr. Virendra Singh Jaitawat.

कार्यक्रम में अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो (डॉ) वीरेंद्र सिंह जैतावत ने की।





Dignitaries visited

- Sh. Raminwas Mehta, Secretary RPSC
- Agriculture Comminsioner Sh. Naresh Kumar Goyal
- Chairman Kisan Ayog Mr. C R Choudhary

गणमान्य व्यक्तियों का दौरा

- श्री रामनिवास मेहता, सचिव आरपीएससी
- कृषि आयुक्त श्री नरेश कुमार गोयल
- अध्यक्ष किसान आयोग श्री सी आर चौधरी







Awards and Recognition

- Four employes were awarded by Agriculture Commsiuoner, Governmnet of Rajasthan Sh. Naresh Kumar Goyal for their commendable work
- Dr. Pradeep Pagaria for all the on-going activities at KKVK
- Dr. Krishna Saharan for successfully establishing IFS model.
- Dr. Priyanka Swami for developing training modules and digitalization work.
- Dr. Sarita Kumari for maintaining library at College of Agriculture, Sumerpur

पुरस्कार एवं सम्मान

- राजस्थान सरकार के कृषि आयुक्त श्री नरेश कुमार गोयल द्वारा चार कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्य के लिए पुरस्कार दिया गया
- डॉ. प्रदीप पगारिया किसान कौशल विकास केंद्र में चल रही सभी गतिविधियों के लिए
- डॉ. कृष्णा साहारण ने आईएफएस मॉडल को सफलतापूर्ण स्थापित करने के लिए
- डॉ. प्रियंका स्वामी ने प्रशिक्षण मॉड्यूल और डिजिटलीकरण के काम के लिए
- डॉ. सरिता कुमारी ने सुमेरपुर के कृषि कॉलेज में पुस्तकालय की उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के लिए





Supernuation

- Sh. Ishwar Singh, Driver Hon'ble Vice Chancellor
- Sh. Nahar Singh Devda, TA (lab)

सेवानिवृत्ति

- श्री ईश्वर सिंह, ड्राइवर माननीय कुलगुरु
- श्री नाहर सिंह देवड़ा, तकनीकी सहायक (लैब)



Plantation activities under "Hariyal Rajasthan"



Tribute

- Sh. Narayan Singh, Class IV employee of Krishi Vigyan Kendra, Sirohi

श्रद्धांजलि

- श्री नारायण सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कृषि विज्ञान केंद्र, सिरोही

AUJ in Press Media

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर समाचार पत्रों में


कृषि आयुक्त ने कृषि यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया

धरती की सेहत के लिए मिट्टी-जल की जांच जरू

कृषि विश्वविद्यालय व लघु उद्योग भारती के बीच एमओयू

कृषि विवि में पांच पुस्तकों का विमोचन

एमबीए एग्रीबिजनेस विद्यार्थियों को विदाई, कुलगुरु बोले जिस संस्थान ने आगे बढ़ाया, उसके प्रति हमेशा रहें कृतज्ञ

डेयरी व्यवसाय में असीम संभावनाएं, वैज्ञानिक तरीकों से बढ़ेगी आय: कुलगुरु

प्रौद्योगिकी एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में तार्किकोत्सव आयोजित

बीज उत्पादन व विपणन के लिए आत्मसहायता को संघ से समझौता

अरंडी हाइब्रिड RHC-2 को मिलेगा नया विस्तार, कृषि विवि ने किया एमओयू

गुड़ामालानी से शुरू होगा संरक्षण अभियान, दूध संग्रहण केंद्र और विकसित होंगे चरागाह



कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

जोधपुर - 342 304 (राजस्थान)

website : www.aujodhpur.ac.in